जागरण

## राजस्थान में नकली घी बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़, 1500 किलो जब्त; दो लोगों को दबोचा

**जागरण संवाददाता, उदयपुर।** होली से पहले पुलिस और डीएसटी टीम ने राजस्थान के उदयपुर में उमरड़ा रोड स्थित रीको औद्योगिक क्षेत्र में नकली घी बनाने वाली एक फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया। इस फैक्ट्री में सरस, अमूल, कृष्णा और नोवा ब्रांड की हूबहू पैकिंग में नकली घी तैयार किया जा रहा था।

कार्रवाई के दौरान 1500 किलो नकली घी जब्त किया गया, जिसकी बाजार में कीमत 63 लाख रुपए आंकी गई। डीएसटी प्रभारी श्याम सिंह रत्नू ने बताया कि यहां सोयाबीन तेल, डालडा और फ्लेवर मिलाकर नकली घी तैयार किया जा रहा था। पैकिंग इतनी असली थी कि पहचान पाना मुश्किल था।
आरोपियों ने प्रसिद्ध कंपनियों के बारकोड और एगमार्क भी तैयार कर लिए थे, लेकिन स्कैन करने पर जानकारी नहीं मिलती थी। फैक्ट्री के बेसमेंट और ग्राउंड फ्लोर पर बड़ी मात्रा में नकली घी और पैकिंग सामग्री बरामद हुई।

Source: https://www.jagran.com/rajasthan/udaipur-fake-ghee-manufacturing-factory-busted-in-rajasthan-1500-kg-seized-23897043.html